खबर नहीं, खबरों के पीछे की खबर

# रेड रोज न्यूज़

दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी मासिक समाचार पत्र

वर्ष : 18 अंक : 6 नई दिल्ली जून 2025 कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : 2/ रूपये Regd. RNI No : DELHIN/2007/21149

## असम में बाढ़ का कहर जारी, 5.35 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित, पीएम मोदी ने सीएम हिमंत शर्मा से की बात

नयी दिल्ली (एजेंसी)। असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए 'ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 'ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 'कार्रवाई के लिए तैयार रहें और यह तब जारी किया जाता है जब अलग–अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा के साथ आंधी और बिजली गिरने तथा भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना होती है। राज्य के 11 जिलों के लिए 'येलो अलर्ट जारी किया गया है। 'येलो अलर्ट का मतलब है 'नजर रखेंध्जानकारी लेते रहेंश्। यह तब जारी किया जाता है जब अलग–अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा के साथ आंधी और बिजली गिरने की आशंका रहती है।



अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। कई इलाकों में भारी बारिश के कारण राज्य में सड़क, रेल और नौका सेवाएं प्रभावित हुई हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। सोमवार देर शाम जारी आंकड़ों के अनुसार, ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां कई स्थानों पर खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

## पैसा आपका, फायदा अदाणी का, एलआईसी के निवेश पर राहुल का कटाक्ष



नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के अदाणी समूह में 5,000 करोड़ रुपये के निवेश किए जाने को लेकर मंगलवार को कटाक्ष किया और कहा कि सरकारी धन का इस्तेमाल निजी संस्थाओं को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने 'एक्स पर पोस्ट किया, "पैसा, पॉलिसी, प्रीमियम आपकाय सुरक्षा, सुविधा, फायदा अदाणी का। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने घरेलू बॉन्ड के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह कंपनी का अबतक का सबसे बड़ा घरेलू बॉन्ड निर्गम है। एपीएसईजेड ने शुक्रवार को एक बयान में कहा था कि उसने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) से 15 साल के गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के जरिए यह कोष जुटाया है।

## यमुना नदी में नहाते समय 6 किशोरियां डूबीं, 4 की दर्दनाक मौत

आगरा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां पर सिकंदरा थाना क्षेत्र के नगला नाथू गांव के पास मंगलवार को यमुना नदी में नहाते समय छह किशोरियां डूब गईं। जिनमें से चार की मौत हो गई। इस हादसे के बाद चीख–पुकार मच गई। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को छह लड़कियां सुबह करीब 10 बजे नहाने के लिए नदी में उतरी थीं, लेकिन वे सभी डूबने लगीं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने उनमें से दो को बचा लिया, जबकि चार डूब गईं। बाद में स्थानीय लोगों ने उनके शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान दिव्या (14), संध्या (12), शिवानी (17) और नैना (14) के रूप में हुई है। बचाई गई दो लड़कियों, सोनम और मुस्कान को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। नगला नाथू के स्थानीय निवासी दीपेश ने कहा कि वह दोस्तों के साथ नदी पर गया था, जब उसने लड़कियों को डूबते हुए देखा। उन्होंने कहा, वे हमसे थोड़ा आगे नहा रही थीं। अचानक, वे सभी डूबने लगीं। मैं उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गया, लेकिन पानी बहुत गहरा था।

## एटा जिले के साथ किया भारतीय रेलवे ने सौतेला वर्ताव...

### राकेश राजपूत फ़िल्म अभिनेता और राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी

अभिनेता से नेता बने राकेश राजपूत जो कि वर्तमान में समाजवादी पार्टी में राष्ट्रीय सचिव के पद पर हैं ये किसान परिवार से आते हैं जो कि एटा जिले के मारहरा गांव से आते हैं खेतीबाड़ी से लेकर फिल्मी दुनिया का सफर किया वहां से इन्होंने राजनीति में प्रवेश किया।

रेड रोज न्यूज़ दिल्ली के मुख्य कार्यालय में आकर साक्षात्कार दिया और काफी विषयो पर चर्चा की महंगाई. बेरोजगारी. किसानों की समस्या प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी चर्चा हुई राकेश राजपूत ने बताया कि एटा जिले के साथ भारतीय रेलवे ने सौतेला व्यवहार किया है , एटा सिटी में रेलवे स्टेशन तो है लेकिन एटा से लखनऊ और दिल्ली जैसे बड़े सहरो के लिए कोई ट्रैन की सुभिधा नही है इसकी बजह से एटा जिले की जनता को किसी और सहर में जाकर ट्रैन को लेना पड़ता है जबकि एटा जिले से बड़े बड़े नेता निकले हैं लेकिन किसी भी पार्टी के नेता ने इस मुद्दे को नही उठाया व्यक्तिगत रूप से काफी आंदोलन किया ज्ञापन दिया भारतीय रेलवे को राकेश राजपूत ने लेकिन इस समस्या का समाधान आज तक नही किया गया भारतीय रेलवे द्वारा।







10.वीर सावरकर ब्लॉक शर्मा कॉम्प्लेक्स शकर पुर दिल्ली 110092
Email : redrosenews.24seven@gmail.com

# सम्पादकीय

## सामूहिक आत्मघात

हरियाणा के पंचकूला में उत्तराखंड से आए एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को गहरे तक झकझोर कर रख दिया। एक कार में नाकाम बेटे ने मां–बाप,पत्नी, दो किशोर बेटियों व एक बेटे के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पूरे परिवार के खत्म होने के बाद कुछ समय के लिए जीवित बचे व्यक्ति ने चश्मदीद को बताया कि वह कर्ज में डूब गया था, कोई रास्ता नजर न आता देख सामूहिक आत्महत्या का निर्णय लिया। पुलिस के पहुंचने व चिकित्सीय प्रयासों के बावजूद परिवार में किसी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। निश्चय ही यह दुखद घटना हर इंसान को उद्वेलित करती है। लेकिन यह भयावह घटना तमाम सवालों को जन्म देती है। आखिर इंसान कैसे सोच लेता है कि आत्महत्या कर लेना संकट का अंतिम समाधान है? जब व्यक्ति में जोखिम से उपजे संकट से जूझने का सामर्थ्य नहीं है तो भारी कर्जा उठाना कितना तार्किक है? महत्वपूर्ण सवाल यह भी कर्ज से हारे व्यक्ति को ये अधिकार किसने दे दिया कि वो अपने साथ दो पीढ़ियों को सदा के लिये खत्म कर दे? कैसे कोई व्यक्ति अपनी नाकामी की सजा मां–बाप, पत्नी व बच्चों को दे सकता है? यह कल्पना करनी भी भयावह है कि अपना अधिकांश जीवन जी चुके मां–बाप, तीन बच्चों को जन्म देने वाली मां तथा सुखी भविष्य की कल्पना के साथ जीवन की पारी की शुरूआत करने वाले बच्चों ने जहर खाना सहज स्वीकारा होगा। यदि उन्हें यह जहर बिना बताए भी दिया गया होगा तो भी जहर की पीड़ा ने उन्हें तड़फाया भी होगा। अकसर ऐसे मामलों में पूरे परिवार को मौत की राह में ले जाने वाले आत्मघाती व्यक्ति के मन में यह भय भी होता है कि उसके जाने के बाद उसके परिवार का क्या होगा? कहीं उसके लिये कर्ज की सजा परिवार को तो नहीं मिलेगी? निस्संदेह, एक परिवार का यूं जहर खाकर आत्महत्या करना हमारी सामाजिक व्यवस्था में आई विद्रूपताओं की ओर इशारा करता है। जिस भी बैंक या व्यक्ति से आत्महत्या करने वाले परिवार के मुखिया ने कर्ज लिया था, निश्चय ही वहां से उसे किसी भी तरह की राहत की उम्मीद नजर नहीं आई होगी। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उसे अपने मित्रों व रिश्तेदारों से भी किसी राहत की उम्मीद नहीं थी? कहा जाता है कि पड़ोसी व मित्र ही संकट के समय में मददगार होते हैं। तो क्या माना जाना चाहिए कि आज हमारे रिश्ते महज दिखावे के रह गए हैं? आखिर विवाह समारोह समेत तमाम अवसरों पर जुटने वाली लोगों की भीड़ केवल महज खाने–पीने तक की ही दोस्त होती है? क्या नैतिक दायित्व नहीं बनता कि संकट में फंसे व्यक्ति के नाते रिश्तेदार या मित्र मदद करें? बहरहाल, गत सोमवार को घटी घटना के सभी तथ्य सामने आने में अभी वक्त लगेगा और घटनाक्रम से जुड़ी अन्य जानकारियां भी सामने आएंगी। लेकिन यह एक हकीकत है कि एक कर्ज से हारा हंसता–खेलता परिवार हमेशा–हमेशा के लिये चिरनिद्रा में सो गया है। लेकिन यह दुखांत हमें कई सबक दे गया है। पहला तो यही कि हमें कर्ज उसी सीमा तक लेना चाहिए, जिस सीमा तक हम चुकाने की सामर्थ्य रख सकें।

# दो दिन का दौरा और ढेरों गलतियां



शशिकान्त पाण्डेय

26 और 27 मई को दो दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने वडोदरा, दाहोद, भुज, कच्छ, गांधीनगर तमाम जगहों पर कहीं भाषण दिए, कहीं रोड शो किए। इस दौरान उनका पूरा जोर आत्मप्रचार पर रहा। वैसे भी देश में श्री मोदी से पहले ऐसा कोई प्रधानमंत्री नहीं हुआ जो इस कदर आत्ममुग्ध हो कि बात–बात में अपना नाम लेकर ही संवाद करे। लेकिन प्रधानमंत्री के भाषणों में अक्सर मोदी ने ये किया, मोदी ने वो किया, मोदी यह कर सकता है, यह मोदी की गारंटी है, जैसे वाक्य सुने जा सकते हैं। नाम के अलावा श्री मोदी का खासा ध्यान अपने परिधान पर भी रहता है। जैसे 26 मई की सुबह नरेन्द्र मोदी जब वडोदरा में थे तो लाल–पीले रंग की पगड़ी, सामने सूर्य के डिजाइन वाला ब्रोच, सफेद कुर्ते पर प्याजी रंग जैकेट उन्होंने पहनी थी, इसके बाद दाहोद में उन्होंने सफेद कुर्ते पर भगवा जैकेट पहनी और सिर पर हैलमेट लगाया क्योंकि लोकोमोटिव मैन्यूफैक्चरिंग वर्क शॉप का उद्घाटन करना था। फिर श्री मोदी पहुंचे भुज, जहां उन्होंने सफेद कुर्ते पर ग्रे रंग की जैकेट पहनी और उसके बाद शाम तक जब वो कच्छ पहुंचे तो सफेद कुर्ते पर धारीदार ग्रे जैकेट, रंग–बिरंगी बार्डर का सफेद पटका गले में और सिर पर कत्थई, हरे, लाल रंग की पगड़ी पहने नजर आए। 26 मई का दिन नरेन्द्र मोदी के लिए खास था, क्योंकि 2014 में इसी तारीख को उन्होंने पहली बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर क्या इस दिन को थोड़ा गरिमामय नहीं बनाया जा सकता था, क्या फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से इसे दूर नहीं रखा जा सकता था, इस बारे में विचार करने की जरूरत है। गरिमामय शब्द का इस्तेमाल इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर को भुनाने के लिए जो रोड शो किया गया, उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार भी बाद में श्री मोदी के साथ आया। अब खुलासा हुआ है कि उन्हें जिला प्रशासन की तरफ से आने का संदेश मिला था। इन्हीं कर्नल कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले विजय शाह अब भी भाजपा में बने हुए हैं, लेकिन उनके परिवार को नरेन्द्र मोदी मंच पर साथ रख रहे हैं। उधर भुज में जो भाषण नरेन्द्र मोदी ने दिया, वैसी भाषा कभी किसी प्रधानमंत्री ने इस्तेमाल नहीं की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंक की बीमारी से मुक्त करने के लिए पाकिस्तान की अवाम को भी आगे आना होगा। सुख–चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही। पूरी दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया जा सकता है, लेकिन किसी देश विशेष का नाम लेकर वहां की जनता को कुछ कहना यह विदेश नीति के तकाजों के खिलाफ है, लेकिन श्री मोदी किसी तकाजे पर कहां यकीन करते हैं। जिस तरह वे ट्रंप के लिए वोट मांग आए थे, वैसे ही उन्होंने पाकिस्तानी जनता को आगे आने की सलाह दे दी। और उसके बाद मेरी गोली तो है ही, वाली बात कहकर और बड़ी भूल कर दी। क्योंकि भारत की अब तक यही नीति रही है कि वह पहले से किसी पर आक्रमण नहीं करता, केवल आत्मरक्षा के लिए जवाब देता है। मगर यहां प्रधानमंत्री जिस धमकी वाले अंदाज में बात कर रहे हैं, वह बी ग्रेड फिल्मों का घटिया संवाद हो सकता है, प्रधानमंत्री के भाषण में उसकी जगह नहीं होनी चाहिए थी। लेकिन शायद श्री मोदी का अभिनय की तरफ इतना झुकाव बढ़ गया है, या शेक्सपियर से वे इतना प्रभावित हैं कि उनकी लिखी दुनिया एक रंगमंच है, पंक्ति को उन्होंने देश एक रंगमंच है में तब्दील कर दिया है और अब वे इसी रंगमंच पर दिन–रात अभिनय करना चाहते हैं। सोमवार के भाषण की गलतियां मंगलवार को भी जारी रहीं। मंगलवार 27 मई को पं.नेहरू की पुण्यतिथि थी, इस अवसर पर श्री मोदी ने एक लाइन की पोस्ट लिखकर अपनी श्रद्धांजलि तो अर्पित की, लेकिन गांधीनगर के भाषण में उन्होंने फिर से बिना नाम लिए प.नेहरू पर कश्मीर समस्या और भारत–पाक विभाजन का इल्जाम लगा दिया। उन्होंने कहा 1947 में मां भारती के टुकड़े हुए। कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गईं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए और उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर की धरती पर हुआ।

# मोदी ने संसद को सरकार का रसोई घर बना दिया

अनिल जैन

बात 1962 के अक्टूबर–नवंबर की है। भारत और चीन के बीच युद्ध चल रहा था। यह युद्ध भारत के उत्तर और पूर्वी सीमा क्षेत्र में चीन के हमले के बाद शुरू हुआ था। तब भारत को आजाद हुए महज 15 साल हुए थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू की लोकप्रियता चरम पर थी और वे लोकसभा में लगभग तीन चौथाई बहुमत के साथ देश के प्रधानमंत्री बने हुए थे। देश पर कांग्रेस का एकछत्र राज था। कांग्रेस के मुकाबले संख्या बल के लिहाज से विपक्ष आज के मुकाबले कितना कमजोर था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी थी, जिसके लोकसभा में महज 27 सदस्य थे। बाकी विपक्षी पार्टियों के संख्या बल का अंदाजा लगाया जा सकता है। युद्ध के दौरान भारतीय जनसंघ (आज की भाजपा) की ओर से यह नहीं कहा गया था कि हम पूरी तरह भारतीय सेना और सरकार के साथ हैं। यह कहने के बजाय जनसंघ की ओर से जगह–जगह नेहरू सरकार की रक्षा और विदेश नीति की आलोचना करते हुए प्रदर्शन किए जा रहे थे। यद्यपि सर्वदलीय बैठकों में नेहरू और उनके मंत्री विपक्ष के तमाम सवालों का जवाब दे चुके थे लेकिन जनसंघ के युवा सांसद अटल बिहारी वाजपेयी लगातार संसद की आपात बैठक बुलाने के मांग कर रहे थे, जिस पर नेहरू ने युद्ध के दौरान 8 नवंबर को संसद का विशेष सत्र बुलाया। कुछ विपक्षी सांसदों ने संसद का गोपनीय सत्र बुलाने का भी सुझाव दिया था, जिसे नेहरू ने यह कहते हुए नकार दिया था कि लोकतंत्र में जनता को उसके द्वारा चुनी गई संसद की कार्यवाही के बारे में जानकारी होना चाहिए। पूरे एक सप्ताह तक चले संसद के उस सत्र में नेहरू ने कहा था, चीन ने हमारे साथ धोखा किया है। उन्होंने यह मानने में भी कोई संकोच नहीं दिखाया था कि भारत इस हमले के लिए पूरी तरह तैयार नहीं था। पूरे एक सप्ताह तक चले उस सत्र में ही संसद ने सर्वसम्मति से वह ऐतिहासिक संकल्प पारित किया था कि भारत अपनी एक–एक इंच जमीन चीनी कब्जे से मुक्त कराएगा। वह संकल्प किसी एक व्यक्ति, एक पार्टी या किसी सरकार का नहीं बल्कि भारतीय संसद का यानी भारतीय जनता का था, लेकिन याद नहीं आता कि पिछले ग्यारह साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की संसद और सरकार ने कभी उस संकल्प को पूरा करने की दिशा में कुछ किया हो। पिछले 11 वर्षों से यह जरूर हो रहा है कि चीन जब–तब भारतीय सीमा का अतिक्रमण करते हुए भारत की कुछ न कुछ जमीन कब्जा कर लेता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार खामोश बनी रहती है। यह स्थिति तब है जब मोदी अपने सभी पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को अपने मुकाबले कमजोर और नाकारा बताते रहते हैं। उनकी पार्टी और सरकार का ढिंढोरची बन चुका गोदी मीडिया भी आए दिन फर्जी सर्वे के जरिये उन्हें देश का अब तक सबसे लोकप्रिय, शक्तिशाली और विजनरी प्रधानमंत्री और प्रभावशाली विश्व नेता बताता रहता है। बहरहाल, चीनी हमले से जुड़ा यह पूरा संदर्भ बताने का मकसद यह है कि उस समय संसद का कितना महत्व होता था और प्रधानमंत्री संसद को लेकर कितने संवेदनशील होते थे। अभी भारत और पाकिस्तान के बीच महज चार दिन की सैन्य झड़प हुई, जिसे लेकर सभी विपक्षी दलों ने एक स्वर में कहा कि वे पूरी तरह वे भारतीय सेना और सरकार के साथ हैं। यहां तक कि पहलगाम में जो आतंकवादी हमला इस सैन्य टकराव की वजह बना था, उस हमले को लेकर भी विपक्ष ने सरकार से कोई सवाल नहीं किया था। पिछले 11 साल में यह पहला मौका था जब समूचा विपक्ष पूरी तरह सरकार के साथ खड़ा था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी ने विपक्ष से मिले इस बिना शर्त समर्थन का जरा भी सम्मान नहीं किया। उल्टे प्रधानमंत्री की ओर से अलग–अलग मौकों पर विपक्ष पर कटाक्ष किए गए और उसे कमजोर करने की कोशिश की गई। यही नहीं, टीवी चौनलों पर होने वाली डिबेट में भी भाजपा के प्रवक्ता रोजाना विपक्षी नेताओं को देशद्रोही और पाकिस्तान व आतंकवादियों का हमदर्द बताते रहे। पहलगाम हमले से लेकर पाकिस्तानी सेना से टकराव होने तक सरकार ने दो बार सर्वदलीय बैठकें बुलाईं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष के प्रति हिकारत का भाव रखते हुए दोनों बैठकों में शामिल नहीं हुए। पहली बैठक के समय वे बिहार में रैली करने चले गए और दूसरी बैठक के समय वे राजधानी में ही एक निजी टीवी चौनल के कार्यक्रम में भाग लेते हुए उस चौनल की एंकरों के साथ फोटो खिंचवाने में व्यस्त रहे। पहलगाम हमले के बाद से लेकर पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव शुरू होने तक उन्होंने सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष और नेता विपक्ष से मिलना भी उचित नहीं समझा, जबकि इस दौरान वे अपनी पार्टी के नेताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुप्रीमो मोहन भागवत से जरूर मिले। एक तरह से वे ऑपरेशन सिंदूर को अपनी पार्टी और सरकार का कार्यक्रम की तरह मान कर चलते रहे।यही वजह रही कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के बाद विपक्ष की ओर से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को भी उन्होंने ठुकरा दिया। ऑपरेशन सिंदूर को सेना के कई पूर्व अधिकारी और सामरिक मामलों के विशेषज्ञों ने अचानक किए गए संघर्ष विराम पर हैरानी और निराशा जताते हुए कहा है कि भारत को इस अभियान के अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। सरकार ने अचानक संघर्ष विराम का कोई कारण बताने के बजाय इस आधे–अधूरे अभियान को ही अपनी बड़ी कामयाबी बताने और इसका राजनीतिक इस्तेमाल करने की कवायद शुरू कर दी है। इस सिलसिले में विभिन्न दलों के सांसदों, पूर्व सांसदों और राजनयिकों के सात प्रतिनिधि मंडल बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों में भेजे गए हैं।

# पुलिस ने बदमाश को दौड़ाकर मारी गोली, 24 घंटे पहले बच्ची से किया था रेप

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के मदेयगंज थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाश की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने उसे घेरा तो फायरिंग शुरू कर दी, इस पर टीम ने उसे दौड़ाया। इस दौरान पैर में गोली लगने के बाद बदमाश घायल हो गया। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी पहचान रेप के मोस्टवांटेड कमल किशोर उर्फ भद्दर के रूप में हुई। भद्दर के पास से तमंचा, कारतूस, खोखा, बाइक बरामद हुआ। घटना बुधवार रात तड़के 3 बजे की है। वह सोमवार रात 2 बजे एक बच्ची के साथ रेप करके फरार हुआ था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। भद्दर झुग्गी–झोपड़ियों में छिपकर बचता चला आ रहा था। थाना मदेयगंज की पुलिस टीम मंगलवार–बुधवार के दरम्यान रात 3 बजे रघुवंशी ढाल पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। इससे वह घायल होकर गिर गया। पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। सूचना पर डीसीपी आशीष श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। सोमवार



की रात लगभग 2 बजे भद्दर ने एक मासूम बच्ची के साथ रेप किया था। पुलिस ने रात में मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की। 24 घंटे के भीतर ही मुठभेड़ में उसे दबोच लिया। कमल किशोर उर्फ भद्दर, सीतापुर के सिधौली का रहने वाला है। लखनऊ के थाना मदेयगंज क्षेत्र में बंधा रोड की झोपड़पट्टी में रहता था। यहां घनी बस्ती है। बाहरी मजदूर रहते हैं, जो एक–दूसरे से जान–पहचान नहीं रखते हैं। इस वजह से इसे अपना ठिकाना बनाया था। भद्दर आसपास के घरों और गलियों में दिन में घूमा करता था। वह बच्चों पर नजर रखता था। उनकी दिनचर्या समझता और जिनके घरों में निगरानी कम होती उन्हें टारगेट करता था। खासतौर पर ऐसे बच्चों को निशाना बनाता था, जो खेलते समय अकेले हो जाते या उसकी झोपड़ी के पास से गुजरते थे। कई बार वह बच्चों को टॉफी या बिस्किट का लालच देकर अपने ठिकाने तक ले जाता था। बंधा रोड की झोपड़ी में भद्दर अकेले रहता था। यहीं पर उसने अपनी छोटी–सी जगह को अपराध की अड्डे में बदल रखा था। आसपास के लोगों से बातचीत नहीं करता था। दूर–दूर तक उसका कोई करीबी नहीं था। झोपड़ी की बनावट ऐसी थी कि कोई भी झांक कर अंदर नहीं देख सकता था। आसपास का शोर–शराबा उसकी करतूतों को ढक लेता था। घटना को अंजाम देने के बाद भद्दर अक्सर झोपड़ी में नहीं रुकता था। वह आसपास के खाली प्लॉट, पुलों के नीचे या बंधे के किनारे बनी झाड़ियों में छिपता था। पुलिस को गुमराह करने के लिए वह इलाके से निकलकर दो–तीन घंटे बाद ही वापस आता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि भद्दर देखने में साधारण मजदूर जैसा लगता था, लेकिन उसके व्यवहार में हमेशा कुछ रहस्यमयी बात थी। वह अकेला रहता था और बच्चों से ज्यादा घुलता–मिलता था। मदेयगंज थाना पुलिस एसआईटी के माध्यम से उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। आशंका है कि लखनऊ या सिधौली में भी इससे पहले कई वारदात कर चुका है।

# खाद्यान्न घोटाला, एक आधार पर 100 लोगों को बांटा राशन

## नाबालिगों के नाम पर भी लूट, सीआइडी जांच में हुआ भंडाफोड़

## फर्जीवाड़ा रोकने के लिए लगा रहे एल–1 डिवाइस : रणवीर

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी में बड़े खाद्यान्न घोटाले की सीआईडी जांच में खुलासा हुआ है। बरेली, आगरा और मेरठ मंडल में एक आधार कार्ड पर 90 से 100 अपात्रों को राशन बांटा जा रहा था। इस साजिश में नाबालिगों का भी इस्तेमाल किया गया। सीआईडी ने करीब 5 साल से लंबित चल रहे तीन मंडलों के 134 केस में 110 को निस्तारित कर दिया है। जिलों के एडीएम और जिला पूर्ति अधिकारियों डीएसओ की जिम्मेदारी तय करते हुए शासन से कार्रवाई की संस्तुति की है। कुछ डीएसओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की भी सिफारिश की गई है।यह घोटाला राशन विक्रेताओं कोटेदारों ने बीपीएल परिवारों के हिस्से का खाद्यान्न हड़प कर अंजाम दिया था। इसकी शिकायतें शासन तक पहुंची थीं। 2015 से 2018 तक तीनों मंडलों में मुकदमे दर्ज कराए गए थे। जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू को सौंपा गया था। जांच में प्रगति नहीं हुई तो फरवरी 2024 में केस अपराध अनुसंधान विभाग सीआईडी को ट्रांसफर कर दिए गए थे।जांच में सामने आया कि घोटाले को अंजाम देने के लिए आधार प्रमाणीकरण का दुरुपयोग किया गया। खाद्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कोटेदारों से मिलीभगत कर वास्तविक लाभार्थियों के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के आधार को एडिट कर अपलोड कर दिया और उसे राशन बेचने लगे। इनमें कई नाबालिग भी थे। शासन को रिपोर्ट भेजने के दौरान वास्तविक लाभार्थी के आधार का विवरण भर दिया। इससे शासन स्तर पर फर्जीवाड़े को पकड़ा नहीं जा सका और वास्तविक लाभार्थी राशन से वंचित रहे।खाद्यान्न घोटाले में सीआईडी मेरठ ने मुकदमे की जांच के बाद तत्कालीन डीएसओ विकास गौतम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की संस्तुति की है। मामले में अदालत में आरोप पत्र भी दाखिल किया जा चुका है। कई जिला पूर्ति निरीक्षक, राशन डीलर, सेल्समैन, कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लापरवाही बरतने वाले कई एडीएम और डीएसओ भी जांच के दायरे में हैं।प्रमुख सचिव खाद्य एवं खाद्य आयुक्त रणवीर प्रसाद के मुताबिक राशन की दुकानों पर कार्डधारकों का अंगूठे का निशान लेने के लिए एल–1 तकनीक लागू की जा रही है। इसमें डिवाइस पर अंगूठा लगाने पर इसे तभी स्वीकार करेगा, जब उसमें खून का प्रवाह होगा। इससे किसी के अंगूठे की नकल नहीं हो सकेगी। 30 जून तक ई–पॉश मशीन के साथ एल–1 पर आधारित डिवाइस लगा दिए जाएंगे। डीजी सीआईडी दिपेश जुनेजा कहते, गरीबों को मुफ्त राशन शासन की प्राथमिकता है। सीआईडी से खाद्यान्न घोटालो की जांच विशेष अभियान चलाकर कराई जा रही है ताकि गरीब लाभार्थियों को उनका हक दिलाया जा सके। घोटाले में शामिल अधिकारियों और राशन डीलरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो रही है।

# शारदा नहर में मिलीं 6 डॉल्फिन, वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया

लखनऊ (संवाददाता)। नगराम इलाके में शारदा सहायक इंदिरा नहर में 6 डॉल्फिन मिली हैं। वन विभाग की टीम उन्हें रेस्क्यू करके अपने साथ ले गई है। उनके सेहत की जांच करके सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। मामला समेसी के पास भोरा खुर्द गांव का है। बुधवार सुबह गांव के लोगों ने नहर में एक जगह 6 डॉल्फिन देखी। नहर में डॉल्फिन होने की सूचना तेजी से क्षेत्र में फैल गई। कुछ ही देर में आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग जुट गए। सूचना पर नगराम थाना अध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सभी डॉल्फिन का रेस्क्यू किया। वन विभाग के अधिकारी नलनीश मिश्रा ने बताया



कि नहर में पानी कम होने के कारण सभी डॉल्फिन एक जगह एकत्रित हो गई थीं। सभी डॉल्फिन को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा। उसके बाद उचित स्थान पर उन्हें छोड़ा जाएगा। नहर में डॉल्फिन मिलने की सूचना पर आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग जुट गए। लोग ऊपर से उन्हें देखने लगे। तमाम लोग उनका वीडियो बनाने लगे। लोगों को मौके से हटाने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि लोगों को समझा कर मौके से हटाया गया। उसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ।

## करंट लगने से महिला की मौत, दो मंजिला बिल्डिंग में चल रहा था काम

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में मकान निर्माण के दौरान बिजली के तार की चपेट में आने से महिला मजदूर की मौत हो गई। मकान के ऊपर से बिजली का तार गुजरा था। महिला छत पर अकेले ही काम कर रही थी। इस दौरान उसे करंट लग गया और नीचे गिर गई। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चिनहट के नौबस्ता इलाके में नीलकंठ नगर में संजीव गुप्ता के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है।

## फांसी पर लटका मिला स्विगी कर्मी का शव

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी के बिजनौर स्थित नटकुर गांव निवासी स्विगी कंपनी में काम करने वाले 22 वर्षीय नीरज गौतम ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार रात खाना खाने के बाद वह अपने घर के पहली मंजिल पर स्थित कमरे में सोने गए थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे तक नीरज के न उठने पर परिजन जगाने गए। कमरे में उन्हें नीरज का शव पंखे से नायलॉन की रस्सी के सहारे लटका दिखा। परिजनों की चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कमरे की छानबीन की। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने परिजनों से भी पूछताछ की है। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के अनुसार, आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक के परिवार में पिता मिश्रीलाल गौतम, मां, दो बहनें और एक भाई है। नीरज मुल्लाही खेड़ा स्थित स्विगी कंपनी में कार्यरत था।

## देवी अहिल्याबाई होल्कर जयन्ती पर हुई परिचर्चा

लखनऊ (संवाददाता)। प्रादेशिक स्टॉफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में परिचर्चा का आयोजन किया गया। निदेशक प्राविधिक डीके सिंह ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रशिक्षार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार साझा किए। निदेशक ने कार्यक्रम के समापन पर देवी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा, परोपकार और जनसेवा के प्रति प्रेरित करता है।

## आदर्श नगर में 2 दिन से बिजली गुल, महिलाओं ने पावर हाउस घेरा

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में पश्चिम विहार आदर्श विहार कॉलोनी में 2 दिन से बिजली गुल है। गुस्साए लोगों ने बुधवार को पावर हाउस का घेराव कर दिया। नाराज कॉलोनीवासियों ने काकोरी रोड को जाम कर दिया, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया।प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि दो दिन से बिजली पूरी तरह गुल है, जिससे बच्चे, बुजुर्गों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के जेई और एसडीओ पर फोन नहीं उठाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब लोगों को समझाने की कोशिश की तो भीड़ की पुलिस से तीखी झड़प हो गई। कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि बार–बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही, जिससे उनका गुस्सा भड़क गया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें गाली दी। प्रदर्शन में शामिल एमए छात्रा ने कहा मेरे एग्जाम चल रहे है। दो दिन से लाइट नहीं आ रही है। गर्मी से बेहाल है। पढ़ाई करने में दिक्कत हो रही है।

# डॉ. अनुष्का ने माना- किया था इंजीनियरों को हेयर ट्रांसप्लांट, सामान्य महिला बंदी गृह में गुजारी रात

कानपुर (संवाददाता)। मैं एक निजी कॉलेज से डिप्लोमा करने के बाद वर्ष 2019 से हेयर ट्रांसप्लांट कर रही हूं। पनकी पॉवर प्लांट में तैनात सहायक अभियंता विनीत दुबे और इंजीनियर मयंक कटियार का मैंने ही केशवपुरम स्थित इंपायर क्लीनिक में हेयर ट्रांसप्लांट किया था। यह क्लीनिक यहां तीन माह पहले ही शिफ्ट किया गया है। इससे पहले कल्याणपुर के आवास विकास में क्लीनिक था, जहां हेयर ट्रांसप्लांट किया जाता था।

एफआईआर दर्ज होने के बाद से परिवार के साथ फरार हो गई थी। यह बातें डॉ. अनुष्का ने मंगलवार को जेल में दर्ज कराए गए बयान में कहीं। हेयर ट्रांसप्लांट के बाद दो इंजीनियरों की मौत के मामले में जेल में बंद डॉ. अनुष्का के बयान दर्ज करने के लिए मंगलवार को पुलिस ने कोर्ट से अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद विवेचक जेल पहुंचे और अनुष्का के बयान दर्ज किए।

कई और अहम सवालों से उठेगा पर्दा

पुलिस उसके बयानों को विवेचना में शामिल करेगी। डीसीपी (पश्चिम) दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अनुष्का ने इस बात को स्वीकार किया है कि वह वर्ष 2019 से हेयर ट्रांसप्लांट कर रही है। डॉक्टर ने हेयर ट्रांसप्लांट का डिप्लोमा होने की बात भी बताई है। हालांकि यह डिप्लोमा कहां से लिया गया है, इसके बारे में वह नहीं बता सकी। डीसीपी के मुताबिक इसी आधार पर बुधवार को डॉ. अनुष्का का पुलिस कस्टडी रिमांड कोर्ट से मांगा जाएगा। रिमांड के बाद कई और अहम सवालों से पर्दा उठेगा।



सरेंडर से पहले अनुष्का बोली थी, नहीं किया ट्रांसप्लांट

अनुष्का अभी तक हेयर ट्रांसप्लांट न करने की बात कहती आई है। पुलिस को भेजे गए जवाब और अग्रिम जमानत अर्जी दोनों में अनुष्का ने दावा किया था कि विनीत दुबे उनकी क्लीनिक में दांत का इलाज करने आए थे। उन्होंने बालों के संबंध में सलाह ली थी। इसके बाद विनीत दुबे ने हेयर ट्रांसप्लांट डॉ. सिंह व सर्जन मनीष कुमार से बर्रा स्थित एक चैरिटेबल अस्पताल में कराया था। अस्पताल में लापरवाही हुई होगी। उन्हें फंसाया जा रहा है। ऐसे में डॉ. अनुष्का ने कोर्ट को भी गुमराह करने का काम किया है।

हेयर ट्रांसप्लांट मामले कमेटी ने रिपोर्ट सौंपी, अभी है अधूरी

हेयर ट्रांसप्लांट की जांच के लिए बनी स्वास्थ्य कमेटी ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी। फिलहाल रिपोर्ट सिर्फ निजी अस्पताल की ओर से भेजे गए दस्तावेजों के आधार बनाई गई है। इसमें विनीत की मौत दवाओं, केमिकल रिएक्शन (एनाफिलैक्टिक शॉक), प्रोसीजर के दौरान ओटी में संक्रमण होने पर सेप्टिक शॉक से होने की आशंका की पुष्टि की गई है।

मल्टीऑर्गन फेल्योर होने की भी संभावना

इसी से मल्टीऑर्गन फेल्योर होने की भी संभावना दर्शाई है। हालांकि इसे स्वास्थ्य विभाग और खुद कमेटी भी अभी मुकम्मल नहीं मान रही है। इनका मानना है कि इसमें अनुष्का का बयान, इंपायर क्लीनिक का निरीक्षण और विसरा रिपोर्ट को लगाया जाए, तभी यह रिपोर्ट पूरी मानी जाएगी। सीएमओ का कहना है कि इन चीजों का इंतजार कर रहे हैं।

प्लास्टिक सर्जन की राय शामिल की जाए

सौंपी गई रिपोर्ट उस निजी अस्पताल के दस्तावेजों पर आधारित है, जहां हालत बिगड़ने पर विनीत का इलाज हुआ था। एसीएमओ डॉ. आर के गुप्ता की अध्यक्षता में बनी स्वास्थ्य कमेटी में उर्सला के फिजीशियन डॉ. शैलेंद्र तिवारी और त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्नेश प्रभाकर शामिल हैं। कमेटी ने यह भी सुझाव दिया है कि किसी प्लास्टिक सर्जन की राय इसमें शामिल की जाए।

कमेटी ने जो रिपोर्ट सौंपी है, वह अभी अधूरी है। इसमें अनुष्का का बयान, क्लीनिक का निरीक्षण वहां के साक्ष्य, विसरा रिपोर्ट शामिल नहीं है। इसलिए इसे अभी आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। अगर पुलिस की ओर से इसकी मांग की जाती है, तो उन्हें, जो कमियां रह गई हैं उन्हें इंगित करते हुए यही रिपोर्ट भेज देंगे। अगर क्लीनिक खुल जाएगा तो वहां पर जाकर जांच कराएंगे और उसे भी इस रिपोर्ट में शामिल करेंगे। –डॉ. हरिदत्त नेमी, सीएमओ

सामान्य महिला बंदी गृह में गुजारी डॉ. अनुष्का ने रात

हेयर ट्रांसप्लांट के बाद दो इंजीनियरों की मौत की आरोपी डॉ. अनुष्का को सोमवार को जेल में दाखिल कराया गया। इससे पहले उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसमें उसका ब्लड प्रेशर और हार्ट बीट नार्मल रही। जेल प्रशासन ने उसे अन्य महिला बंदियों के साथ सामान्य बंदी गृह में रखा है।

# रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा 5 जून को, 7 मंदिरों में होगी पूजा, 101 आचार्य कराएंगे अनुष्ठान, योगी होंगे शामिल

अयोध्या (संवाददाता)। अयोध्या राम मंदिर में 5 जून को राम दरबार सहित 7 मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। गंगा दशहरा पर सुबह 11 बजे के बाद स्थिर लग्न और अभिजीत मुहूर्त में पूजा शुरू होगी। प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या और काशी के 101 आचार्य शामिल होंगे। ये जानकारी बुधवार दोपहर मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीएम योगी को ट्रस्ट की ओर से आमंत्रित किया गया है। योगी ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कार्यक्रम 3 जून से शुरू होगा। इससे पहले 2 जून को महिलाओं द्वारा सरयू जल कलश यात्रा निकाली जाएगी। तीन जून की सुबह 6.30 बजे से सभी मंदिरों में विशेष पूजा–पाठ शुरू होगा, जो रात 9 बजे तक चलेगा। दोपहर में 1 घंटे का विश्राम होगा। इसी तरह 4 जून को भी विशेष पूजा–पाठ होगा। फिर 5 जून को सुबह 5.30 बजे पूजा शुरू होगी। प्राण प्रतिष्ठा 11 बजे के बाद की जाएगी। मंदिर के फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की स्थापना हुई है, जबकि परकोटे में 6 मंदिरों में भगवान सूर्य, गणेश, हनुमान, शिव, माता भगवती और माता अन्नपूर्णा की मूर्ति स्थापित की गई है। इन्हीं मंदिरों में 5 जून को प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके अलावा, सप्त मंडपम में 7 मंदिर बने हैं। इनमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषादराज, अहिल्या और शबरी की मूर्ति स्थापित की जा चुकी है। चंपत राय ने बताया प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार और परकोटे में 6 भगवान सूर्य, गणेश, हनुमान, शिव, माता भगवती और माता अन्नपूर्णा का मंदिर भक्तों के दर्शन के लिए किस दिन खोला जाएगा, इस पर अभी विचार किया जा रहा है। मंदिर के पश्चिम हिस्से में लिफ्ट लगाई जा रही है। अनुष्ठान में सीएम योगी और काशी–अयोध्या के 101 आचार्यों के अलावा 20 संत–धर्माचार्य, 15 गृहस्थ और ट्रस्ट के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दौरान ग्राउंड फ्लोर पर रामलला का दर्शन जारी रहेगा। राम दरबार की मूर्तियां मकराना के सफेद संगमरमर से बनी है। इसमें भगवान श्रीराम और सीता सिंहासन पर विराजमान हैं। भरत और हनुमान जी भगवान श्रीराम के चरणों के पास बैठे हैं। मूर्ति जयपुर में बनकर तैयार हुई है। सत्य नारायण पांडे, गोविंद, केशव, समेत 5 मूर्तिकारों ने बनाई है।

# 12 बीघा जमीन बनीं रिटायर्ड अमीन की हत्या का कारण, 72 घंटे के अंदर हत्या का खुलासा

अयोध्या (संवाददाता)। अयोध्या के थाना तारून क्षेत्र में 12 बीघा जमीन रिटायर्ड अमीन की हत्या का कारण बन गई। मामले में अयोध्या पुलिस ने 72 घंटे के अंदर हत्या का खुलासा कर दिया है। मुख्य अभियुक्त कृष्णावती व उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य आरोपी कृष्णा कुमारी के बेटे अरविंद यादव व आदर्श सिंह को कस्टडी में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना तारून के बारा गांव में 25 मई को सुबह ट्यूबवेल पर सो रहे कर्मराज यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र दिनेश ने अपने चचेरी भाभी कृष्णावती उसके पुत्र अरविंद यादव आलोक तिवारी व आदर्श सिंह पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने कृष्णावती व उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपी अरविंद यादव का आदर्श सिंह को भी पुलिस कस्टडी में लेकर मामले की गहनता से पूछताछ कर रही है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि कृष्णावती के ससुर से मृतक करमराज यादव ने 12 बीघे जमीन बैनामा करवा ली थी। जब कृष्णावती के ससुर की मौत हो गई तो कृष्णावती मृतक कर्मराज यादव से अपना हिस्सा मांगने लगी लेकिन कर्मराज यादव ने हिस्सा देने से मना कर दिया जिसके बाद कृष्णावती उसके पुत्र अरविंद यादव ने हत्या का प्लान बना लिया।

अरविंद यादव ने अपने दो दोस्तों के साथ ट्यूबवेल पर सो रहे रिटायर्ड अमीन करमराज यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी।मामले में पुलिस ने कृष्णावती और उसके बेटे के दोस्त आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि कृष्णावती की बेटे अरविंद यादव और आदर्श सिंह को भी पुलिस ने कस्टडी में लिया है जिससे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपी से आला कत्ल भी बरामद कर लिया है।

## थप्पड़बाज महिला दरोगा शिखा सिंह लाईन हाजिर, जांच शुरू

अयोध्या (संवाददाता)। थप्पड़बाज महिला दरोगा शिखा सिंह को एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने लाइन हाजिर कर दिया है। इस प्रकरण की जांच सीओ अयोध्या को सौंप दी गई है। ई–रिक्शा चालक को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह ई–रिक्शा चालक को 5 थप्पड़ मारते हुए दिखाई दी थी। महिला दरोगा के 2 मिनट के वायरल वीडियो को घटनास्थल पर मौजूद कार के अंदर से बनाया गया था। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी घटना को लेकर सवाल उठाये था। एसएसपी की इस कार्यवाही से आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# विकास कार्यों की समीक्षा, प्रभारी मंत्री ने 17 बिंदुओं पर दिए निर्देश

उन्नाव (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री और उन्नाव के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जिले की प्रमुख समस्याओं और योजनाओं की समीक्षा की। मंत्री ने शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। राशन वितरण में पारदर्शिता के लिए निलंबित 24 दुकानों का जल्द आवंटन करने को कहा। गांवों में स्वच्छता के लिए सफाई कर्मियों की नियुक्ति के आदेश दिए। किसानों तक कृषि योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए ग्राम सभाओं में खुली बैठक करने को कहा। कूड़े से खाद, ईंधन और ऊर्जा बनाने के प्रयास करने के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण, गर्मी में आग से बचाव और बरसात से पहले नालियों की सफाई पर जोर दिया। समाज कल्याण की पेंशन योजना का लाभ पात्र लोगों को समय पर देने को कहा। बिजली आपूर्ति में रोस्टर के अनुसार सुधार और अवैध कटिया को रोकने के निर्देश दिए। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग कराने को कहा। गौशालाओं में हरा चारा, भूसा और स्वच्छ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा में सुधार और 5 वर्ष के सभी बच्चों का विद्यालय में अनिवार्य दाखिला सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मंत्री के सुझावों और निर्देशों पर अमल का आश्वासन देते हुए सभी का धन्यवाद किया। बैठक में जिले के सभी विधायक, वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## युवती ने की आत्महत्या, सुबह फांसी पर लटका मिला शव

अयोध्या (संवाददाता)। सैदपुर चौकी क्षेत्र के लोधन पुरवा मजरे में एक 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान स्वर्गीय राम बहादुर की पुत्री सरोज के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका की मां ने बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्यों ने साथ खाना खाया। इसके बाद सरोज अपने कमरे में सोने चली गई। मां और उनके दो अन्य बच्चे बरामदे में सो रहे थे। सुबह जब देखा तो सरोज का शव कमरे में धन्नी के सहारे दुपट्टे से फांसी पर लटका हुआ था।परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। बाबा बाजार थाना अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद व सैदपुर चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरा। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। बाबा बाजार थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# अनिल विज बोले-कांग्रेस नेताओं का दिमाग पाकिस्तान का

## कश्मीर की सुरक्षा उमर अब्दुल्ला की जिम्मेदारी, केजरीवाल को जुमलेबाज बताया




अंबाला (एजेंसी)। अंबाला में प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के महानुभाव नेता भारत के हैं लेकिन उनका दिमाग पाकिस्तान का है। ये लोग हमेशा पाकिस्तान की बात करते हैं, ये वही बात कहते हैं जो पाकिस्तानी अखबारों और पाकिस्तानी चौनलों में कही जाती है। दरअसल, अनिल विज आज पत्रकारों द्वारा कांग्रेस नेता के उस बयान पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि पुंछ और पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर संघर्ष और समझौता हुआ लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पहलगाम में सुरक्षा को लेकर जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान कि टूरिज्म मेरी जिम्मेदारी है, लेकिन सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी नहीं है, के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुरक्षा भी उन्हीं (मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला) की जिम्मेवारी है। उनकी सरकार है, वे मुख्यमंत्री है, वहां पर काम करने वालों की पहचान करना भी उनकी जिम्मेदारी है। कौन–कौन किस प्रकार की काम कर रहे हैं वह देखने की जिम्मेदारी भी उनकी है और हर सरकार का काम है कि वह अपने देश के नागरिकों की सुरक्षा करें। अरविंद केजरीवाल के बयान कि बनिया का बेटा हूं, पैसे कहीं से भी लाऊंगा, हमने पंजाब में बिजली फ्री की, स्कूल और अस्पताल सुधारे, इस पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अरविंद केजरीवाल को जुमलेबाज बताते हुए कहा कि ये पिछले कई दिनों से शांत थे। देश का इतना बड़ा युद्ध था, ये फिर भी शांत रहे। ऐसे में भी यह कह रहे हैं कि पैसे कहीं से भी ले आऊंगा। पैसे तो सरकार देगी, वह बिना सोचे समझे कोई भी घोषणाएं कर देते हैं और फिर उन्हें पूरी नहीं कर पाते।

बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में जो स्थिति है, उसके लिए भारत जिम्मेदार है के सवाल का जवाब देते हुए केबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह तो पुरानी बात है कोई भी अपनी गलती नहीं मानता, अपनी कमियों का आरोप वह दूसरे पड़ोसी देशों पर लगा देते हैं। उनकी (मोहम्मद युनुस) कलई अब खुल गई है जिस प्रकार से आए थे, अब उसी प्रकार से जनता उन्हें वापस भेज देगी।

### 125 गन्ना किसानों को मिली ट्रेनिंग,उत्पादन बढ़ाने की तकनीक सिखाई

हरदोई (संवाददाता)। ग्राम मेंडुआ में डीसीएम श्रीराम शुगर हरियावां और गन्ना विकास परिषद द्वारा किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 125 से अधिक किसानों ने भाग लिया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय सिंह ने मुख्यमंत्री गन्ना प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत किसानों को सिंचाई, संतुलित उर्वरक और जैव उर्वरक के उपयोग की जानकारी दी। मिल महाप्रबंधक गन्ना संदीप सिंह ने गन्ने की खेती में आवश्यक प्रक्रियाओं जैसे 10–12 दिनों पर सिंचाई, कीट नियंत्रण और उर्वरक प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। स्थानीय किसान रामबक्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस वर्ष 2000 कुंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। जैव प्रयोगशाला अधिकारी श्रेया राय ने लाल सड़न रोग के नियंत्रण के लिए हेक्सटॉप और ट्राईकोडर्मा के प्रयोग की विधि बताई प्रशिक्षु गन्ना अधिकारी कुमारी प्रगति ने मृदा जांच और संतुलित उर्वरक के महत्व पर प्रकाश डाला।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम हमले के बाद तृणमूल ने की जवाबदेही की मांग



नयी दिल्ली (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस ने मानसून सत्र से पहले जून में संसद का विशेष सत्र बुलाने की बुधवार को मांग की। मानसून सत्र जुलाई में होने की संभावना है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से विपक्षी दल संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सांसदों को जानकारी देने के लिए आयोजित सर्वदलीय बैठक में भी यह मांग उठाई गई थी। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की उपनेता सागरिका घोष ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पहलगाम हमले के बाद और 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार के साथ खड़ी रही और विदेश भेजे गए सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का भी समर्थन किया। घोष ने कहा, ''सरकार को पूर्ण समर्थन देने के बाद हम अब सांसद कपिल सिब्बल की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, ''हम मांग करते हैं कि मानसून सत्र से पहले जून में एक विशेष सत्र आयोजित किया जाए। तृणमूल नेताओं ने कहा कि संसद के विशेष सत्र के वास्ते दबाव बनाने के लिए विपक्षी दल मिलकर काम कर रहे हैं। राज्यसभा में तृणमूल के सांसद डेरेक ओश्ब्रायन ने संवाददाताओं से कहा, ''हम संसद के विशेष सत्र की मांग पर मिलकर काम कर रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत छह और सात मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए। भारतीय कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। भारत ने पाकिस्तानी प्रयासों का कड़ा जवाब दिया।

# आकाशीय बिजली गिरने से 2 सगी बहनों की मौत, नीम के नीचे बैठे 6 लोग झुलसे



मिर्जापुर (एजेंसी)। यूपी के मिर्जापुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 2 सगी बहनों की मौत हो गई है। इसके साथ ही 6 लोग झुलस गए हैं। जिन्हें इलाज कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें कि यह घटना जिले के हलिया थाना क्षेत्र के नंदन मझिगवां उचका मोहल्ले का है। जहां पर सभी लोग घर के बाहर नीम के पेड़ के नीचे बैठे थे तभी अचानक से आकाशीय बिजली गिरी है जिसमें 2 सगी बहनों की मौत हो गई। साथ ही आस–पास बैठे 6 लोग झुलस गए। मृतक सगी बहनों का उम्र 10 वर्ष और 11 वर्ष है। पुलिस दोनों मृतक सगी बहनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। एसडीएम संजीव कुमार यादव घायलों का हाल जानते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों को निर्देश दिए।

# ईरान में 3 भारतीय गिरफ्तार, ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर धोखाधड़ी, परिजनों ने लगाई मदद की गुहार



चंडीगढ (एजेंसी)। पंजाब के तीन युवकों को ईरान में अगवा कर लिया गया है। ये युवक पंजाब के संगरूर, एसबीएस नगर और होशियारपुर जिलों के रहने वाले हैं। इनमें से एक युवक, हुस्नप्रीत सिंह, धुरी के वार्ड नंबर 21 का निवासी है। परिजनों के अनुसार, इन युवकों को एक एजेंट ने धोखे से ऑस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया था, लेकिन उन्हें ईरान भेज दिया गया। 1 मई से इनका अपने परिवार से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। अब तक 11 दिन बीत चुके हैं। परिवारों को एक वीडियो कॉल के जरिए युवकों की हालत दिखाई गई, जिसमें वे रस्सियों से बंधे हुए हैं, उनके शरीर पर चोटों के निशान हैं और गले पर चाकू रखा हुआ दिखाया गया। फिरौती के लिए कभी 55 लाख तो कभी 1 करोड़ रुपये की मांग की जा रही है। विदेश भेजने वाला एजेंट फिलहाल फरार है। हुस्नप्रीत की मां बलविंदर कौर ने सरकार से अपील की है कि उनके बेटे और बाकी दो युवकों को सुरक्षित वापस लाया जाए। एक पड़ोसी ने बताया कि पटवारी से एक लेटर मिलने पर उन्हें इस अपहरण की जानकारी मिली। भारतीय दूतावास ने ईरान की सरकार से तीनों भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और उन्हें जल्द से जल्द खोजने की मांग की है। परिजनों और आम लोगों ने सरकार से इस मामले में जल्दी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### राशन को लेकर हुए विवाद में ग्रामीण की मौत

बाराबंकी (संवाददाता)। फतेहपुर कस्बे में राशन को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की जान चली गई। नालापार दक्षिणी मोहल्ले निवासी 85 वर्षीय तेहरून निशा सोमवार को सरकारी राशन की दुकान से अनाज लाई थीं। उन्होंने इसे घर के सामने सूखने के लिए रखा था।

मंगलवार को पड़ोसी लियाकत के मवेशियों ने वह अनाज खा लिया। तेहरून निशा ने जब इसका विरोध किया तो लियाकत ने उनकी पिटाई कर दी। शाम को मजदूरी से लौटे उनके बेटे निजामुद्दीन (45) को मां ने घटना बताई।

### शनि बाबा की कृपा जिसके साथ हो गई...

कानपुर (संवाददाता)। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर मंगलवार को शहर भर में धूमधाम से शनि जयंती मनाई गई। मंदिरों में रात तक भक्तों की भीड़ रही।पूजन–पाठ के अलावा विभिन्न कार्यक्रम हुए।

मान्यता है कि इस दिन शनिदेव की पूजा करने से बुरे प्रभाव से मुक्ति मिलती है, परिवार में खुशहाली रहती है। चुन्नीगंज स्थित शनिदेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा कर काले तिल डाल कर दीपक जलाए। शाम को महाआरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। जवाहरनगर स्थित श्री शनिदेव साईं खाटू श्याम हनुमान मंदिर को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। यहां 51 दीपकों से महाआरती की गई। महिलाओं ने मुझ पर शनिदेव तेरी कृपा का हाथ रहे... हे शनिदेव महा बलदाई... शनि बाबा की कृपा जिसके साथ हो गई...

# महिला जन सुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्या श्रीमती एकता सिंह ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई किया

बस्ती (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर सर्किट हाउस सभागार में आयोजित महिला जन सुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्या श्रीमती एकता सिंह ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की।




महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्या श्रीमती एकता सिंह द्वारा सुरेन्द्र सिंह थाना हर्रैया, जोखई पाण्डेय थाना परसरामपुर, रीता शुक्ला पत्नी पंकज शुक्ला थाना कप्तानगंज, वसंता देवी थाना छावनी, सुशीला देवी पत्नी बबुआ थाना छावनी, अंजली देवी थाना कोतवाली, पूर्णिमा द्विवेदी पुत्री प्रमोद द्विवेदी थाना सोनहा, अल्का पुत्री रामकेश थाना नगर, महिमा सिंह थाना रूधौली, सीमा देवी पत्नी पंचराम थाना लालगंज, लालपती पत्नी सर्वजीत थाना दुबौलिया, प्रान्शी पाठक पुत्री राम रघुवीर पाठक थाना गौर, विट्टू राव पत्नी शत्रुध्न प्रजापति थाना लालगंज, संजय कुमार पुत्र घड़ी प्रसाद थाना गीड़ा गोरखपुर, सुनीता पुत्री रामराज थाना पैकोलिया एवं करिश्मा गौतम थाना सोनहा बस्ती से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गयी।

महिला जनसुनवाई के दौरान सीएमओ डा. राजीव निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी पुलिस स्वर्णिमा सिंह, महिला थानाध्यक्ष शालिनी सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी वीना सिंह, सीडीपीओ दिलीप कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रोली सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

महिला जनसुनवाई के बाद राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती एकता सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रैया व कप्तानगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था ना पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को निर्देश दिया कि साफ–सफाई की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। कप्तानगंज में आलोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार शुक्ला एवं प्रदीप कुमार पाण्डेय बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया है।

महिला चिकित्सालय में पहुँचकर कन्या जन्मोत्सव पर 15 बच्चियों के माताओ को बेबी किट वितरित किया। उन्होने सर्जिकल वार्ड का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान वहाँ पर भर्ती महिलाओं से हालचाल पूछा और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सीएमएस को निर्देश दिया कि खिड़की पर लगी जाली को ठीक कराया जाय व कमरे में अतिरिक्त कूलर की व्यवस्था की जाय। परिसर में स्थित सखी वन स्टाफ सेण्टर में पहुँचकर उन्होने काउन्सलिंग कक्ष, आश्रय गृह, रसोई कक्ष, प्रबंधक कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उन्होने आवश्यक रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होने जिला कारागार में महिला कक्ष में उपस्थित महिला बन्दियों से वार्ता किया। जेल अधीक्षक अंकेक्षिता श्रीवास्तव को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर महिला थानाध्यक्ष शालिनी सिंह, वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस व रुधौली पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर जेल किया रवाना

बस्ती (संवाददाता)। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले वांछित अभियुक्त को महाराष्ट्र पुलिस व रूधौली पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है, आपको बताते चले कि दिनांक 28.5.2025 को महाराष्ट्र पुलिस की इंस्पेक्टर दिनेश गोपी चंद पाटिल, का0 प्रकाश कुमार मोरे, का0 नितिन थाना तुर्भे जनपद नवीं मुंबई महाराष्ट्र व ह्व करुणेश यादव थाना रूधौली जनपद बस्ती टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 220/25 धारा 69, 351(3), 352 ठछै थाना तुर्भे




जनपद नवीमुंबई महाराष्ट्र में वांछित आरोपी सैफ अली पुत्र मंजूर अली ग्राम कैनेली थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती को रिश्तेदारी थाना रूधौली के ग्राम पटवारिया से गिरफ्तार किया गया है। थाना स्थानीय से आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए आरोपी सैफ अली पुत्र मंजूर अली उम्र 26 वर्ष ग्राम कैनेली थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती की ट्रांजिट रिमांड हेतु न्यायालय बस्ती रवाना किया गया है।

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर दिनेशगोपी चंद पाटिल थाना तुर्भे जनपद नवीं मुंबई महाराष्ट्र, का0प्रकाश कुमार मोरे, का0 नितिन थाना तुर्भे जनपद नवीं मुंबई महाराष्ट्र , हे0का0 करुणेश यादव थाना रूधौली जनपद बस्ती शामिल रहे।

## सचिवालय में मीटिंग के दौरान सेक्शन अधिकारी को पड़ा हार्टअटैक, तोड़ादम

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ सचिवालय के वित्त अनुभाग–35 में तैनात सेक्शन अधिकारी पंकज कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे एग्रीकल्चर प्रोडक्शन कमिश्नर (एपीसी) दीपक कुमार की अध्यक्षता में चल रही बैठक में भाग ले रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बैठक के दौरान पंकज कुमार को तेज खांसी और पसीना आने लगा। कुछ ही पलों में वे कुर्सी पर ही बेसुध होकर गिर पड़े। वहां मौजूद अधिकारियों ने तत्काल चिकित्सकों को बुलवाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पंकज कुमार एक शांत, अनुशासित और कर्मठ अधिकारी के रूप में जाना जाता था। उनकी अचानक मृत्यु से सचिवालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। घटना के बाद सचिवालय कर्मचारियों में स्वास्थ्य सुविधाओं और वर्कलोड को लेकर चिंता जताई जा रही है। कई कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से मानसिक दबाव और अत्यधिक कार्यभार के कारण स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य जांच शिविर और नियमित मेडिकल सुविधा की मांग उठाई है।

# माता-पिता के आशीर्वाद से लक्ष्य प्राप्त करेंगे:- प्रो. मिश्र

## बीएससी पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए फेयरवेल का आयोजन

अयोध्या (संवाददाता)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में बीएससी पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए फेयरवेल कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया जिसमें छात्रों ने मनोहारी प्रस्तुति दी और सभी का मनमोह लिया। इस दौरान छात्रों ने अपने बीते पलो को साझा कर सभी भावुक किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो० चयन कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि आपके प्रथम गुरु माता–पिता है। उनका सम्मान करना चाहिए। उनके आशीर्वाद से ही लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार,डॉ. जितेंद्र




श्रीवास्तव, डॉ.अश्वनी कुमार,डॉ. अमित सिंह,डॉ.संदीप रावत, डॉ. गया प्रसाद एवं डॉ. अरविंद वाजपेई मौजूद रहे।

## किशोरी की संदिग्ध हालत में मौत, पिता ने जताई हत्या की आशंका

हरदोई (संवाददाता)। सांडी थाना क्षेत्र के बखरिया गांव में एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान अंजलि के रूप में हुई है। मंगलवार की देर रात उसका शव घर के अंदर फांसी पर लटका हुआ मिला। घटना के समय मृतका के पिता भैया लाल बाजार गए हुए थे और मां सुनीता अपने मायके में थीं। मृतका के पिता ने गांव के एक युवक पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने चितरगढ़िया गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया

बस्ती (संवाददाता)। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड सदर में स्थित चितरगढ़िया गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने पाया कि गौशाला में कुल 23 पशु है, जिनमें 16 नर व 07 मादा पशु उपलब्ध है। पशु चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि गौशाला के पशुओं के लिए ग्राम प्रधान द्वारा हरा चारा की व्यवस्था कराया जा रहा है। पीने के पानी के लिए टँकी बनी है, विद्युत चालित पम्प एवं हैंडपम्प दोनों लगे हैं। बताया गया कि ग्राम सभा में कोई चारागाह नहीं है। गौशाला में उपलब्ध 07 मादा पशु, जो उत्तम स्वास्थ्य में थी। अतः यदि इन्हें इच्छुक व्यक्तियों को दे दिया जाए, तो उन्हें लाभ प्राप्त होगा एवं गौशाला में अन्य पशुओं के लिए स्थान भी बनेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रयास करके इन गोवंशों को सहभागिता में देने की तैयारी की जाएं। साथ ही खाली स्थानों पर छायादार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि आगे से धूप में गर्मी से बचाव हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला परिसर मे एक आम का पौध रोपित किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी के लिए लगाए डुप्लीकेट मीटर, औसत से काफी कम आता है बिल, केस्को ने जांच के लिए भेजा

कानपुर (संवाददाता)। कानपुर में बिजली विभाग और बिजली चोरों के बीच तू डाल–डाल, मैं पात–पात वाली स्थिति बनी हुई है। बिजली चोरी को रोकने के लिए विभाग ने कुछ कंपनियों को स्मार्ट मीटर लगाने का जिम्मा दिया है। हालांकि शातिर इन्हीं कंपनियों के डुप्लीकेट मीटर लगाकर धड़ल्ले से बिजली चोरी कर रहे हैं। केस्को विजिलेंस विभाग के छापों में दो घरों में डुप्लीकेट स्मार्ट मीटर पकड़े गए हैं। अब केस्को ने स्मार्ट मीटरों की जांच शुरू कराने का फैसला लिया है।

शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम पिछले वर्ष नवंबर से शुरू हुआ था। उस समय करीब 7.50 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का काम जीनस और एलएंडटी को दिया गया था। इसका उद्देश्य बिजली चोरी को रोकना था, लेकिन बीते वित्तीय वर्ष में चमनगंज में सबसे ज्यादा बिजली



चोरी मिली। इसके बाद से ही चमनगंज क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए केस्को व विजिलेंस टीम मिलकर अप्रैल से अभियान चला रही हैं।

बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज

छापे के दौरान टीम को चमनगंज के दो घरों में ऐसे मीटर मिले जो केस्को की चयनित कंपनी जीनस के थे। हालांकि नाम भले ही जीनस था, लेकिन यह डुप्लीकेट थे। इन घरों में बिजली चोरी की जा रही थी। केस्को के एक अधिकारी के मुताबिक दोनों मामलों में बिजली चोरी की एफआईआर हो गई है। पकड़े गए डुप्लीकेट स्मार्ट मीटर के मामले में भी तहरीर दी गई है।

डुप्लीकेट स्मार्ट मीटरों को जांच के लिए भेजा

चमनगंज में कैसे पहुंचा जीनस के नाम का मीटर केस्को की विजिलेंस टीम के मुताबिक जीनस कंपनी को शहर में अन्य इलाकों में मीटर लगाने का काम सौंपा गया है। चमनगंज में इस कंपनी के नाम का मीटर मिलना आश्चर्यजनक है। यह असली मीटर न होकर डुप्लीकेट है। इससे बिजली की यूनिट काफी धीमी चलती है, ऐसे में बिल औसत से काफी कम आता है। फिलहाल दोनों डुप्लीकेट स्मार्ट मीटरों को केस्को ने जांच के लिए भेजा है।

अधिक बिजली चोरी करने वाले क्षेत्रों को चिन्हित करके कार्रवाई की जा रही है। स्मार्ट मीटर की भी जांच लगातार की जा रही है। अब आने वाले दिनों में जिन क्षेत्रों में छापा मारा जाएगा, वहां स्मार्ट मीटर भी चेक किया जाएगा। –देवेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी, केस्को

## गोल्डन बाबा के घर रेकी कर रहे युवक को लोगों पकड़ा

कानपुर (संवाददाता)। गोल्डन बाबा के काकादेव स्थित घर के बाहर की फोटो खींच रहे युवक को मंगलवार सुबह लोगों ने पकड़ लिया। रेकी करने का आरोप लगा उसे पुलिस को सौंप दिया। गोल्डन बाबा के नाम से चर्चित काकादेव निवासी मनोज कुमार सिंह स्वामी मनोजानंद जी सरस्वती महाराज ने बताया कि पांच जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाने जा रहे हैं। आयोजन की तैयारियां चल रही हैं।

आशंका है कि इसी के चलते युवक रेकी कर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में होगा। उन्होंने रावतपुर थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। इंस्पेक्टर केके मिश्रा ने बताया की मामले की जांच की जा रही है।

## कानपुर बॉक्सिंग टीम के लिए चयन ट्रायल 30 मई को

कानपुर (संवाददाता)। प्रदेश स्तरीय समन्वय अंडर–17 जूनियर बालक–बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता तीन से छह जून को झांसी स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। खेल निदेशालय उप्र की ओर से होने वाली इस प्रतियोगिता में कानपुर टीम भी हिस्सा लेगी। इसके लिए टीम का जिला व मंडल स्तरीय ट्रायल ग्रीनपार्क में 30 मई को सुबह 10 और दोपहर तीन बजे से होगा। इसके लिए इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन ग्रीनपार्क खेल कार्यालय में जमा कर सकते हैं या फिर बॉक्सिंग कोच अल्पना शर्मा से मोबाइल नंबर 8604344635 पर संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी कानपुर मंडल भानु प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 44, 46, 48, 50, 52, 54, 57, 60, 63, 66, 70, 75 और 80 किलोग्राम भार वर्ग में मुकाबले होंगे।

# गूगल पर नंबर सर्च करने वाली महिला से ठगे 4.62 लाख, पुलिस ने सगे भाइयों को झारखंड से पकड़ा, पूछताछ जारी

कानपुर (संवाददाता)। कानपुर में किदवईनगर पुलिस ने किदवईनगर निवासी एक महिल से 4.62 लाख की ठगी करने वाले दो साइबर ठगों को झारखंड से गिरफ्तार किया है। दोनों से महिला का संपर्क गूगल पर अस्पताल का फोन नंबर सर्च करने के दौरान हुआ। गूगल पर मिले नंबर पर कॉल करने पर पीड़िता ठगों के संपर्क में आ गई थी।

इसके बाद ठगों ने रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर एक एप डाउनलोड कराया और उनके फोन का एक्सेस लेकर शॉपिंग कर रकम हड़प ली। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी झारखंड के गिरिडीह जिले के निवासी सगे भाई शाहिद रजा अंसारी और जावेद रजा अंसारी हैं। बारहवीं तक पढ़ा बड़ा भाई शाहिद बेहद शातिर है।



खाते से शॉपिंग कर रकम उड़ा देते है हैकर

पूछताछ में उसने बताया कि वह हैकर के बनाए टेलीग्राम चैनल इनफिनिटी और इन्विया इन्फोटेक से जुड़ा था। वहां से एप इंस्टॉल कराने की जिम्मेदारी मिली थी। इसके बदले उसे रुपये भी मिलते थे। जो व्यक्ति गूगल पर हॉस्पिटल, रेस्टोरेंट या होटल कुछ भी सर्च करता। उसे कॉल कर जरूरत के हिसाब से लालच देकर एप इंस्टाल करा दिया जाता। इसके बाद उसके मोबाइल के जरिये ही हैकर खाते से शॉपिंग कर रकम उड़ा देते।

नए मोबाइल के जरिये ठगों तक पहुंची पुलिस

शाहिद ने महिला के खाते से ओटीपी लेकर ऑनलाइन एसी, ब्रांडेड कपड़े, चश्में, जूते और वन प्लस मोबाइल आदि खरीदा था। इस मोबाइल को उसने छोटे भाई जावेद को जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। इसी नए मोबाइल के आईएमईआई को ट्रेस करते हुए पुलिस उन तक पहुंची। आरोपी ने बताया कि इससे पहले वह लोगों के मोबाइल वॉलेट से दो सौ से लेकर एक हजार तक रुपये उड़ाता था। उसमें रिपोर्ट दर्ज होने का खतरा नहीं था।

## नेहरू की प्रतिमा के सुंदरीकरणी मांग

कानपुर (संवाददाता)। अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी समिति संगठन की ओर से मंगलवार को कचहरी स्थित सेनानी सदन में पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी ने उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने उनके कार्यों से युवाओं को सीख लेने की सलाह दी। राष्ट्रीय महामंत्री दिलीप सिंह ने प्रशासन से मांग की कि सरसैया घाट में लगी नेहरू की प्रतिमा का सुंदरीकरण कराया जाए। वीबी सिंह, मो. रियाज, अरुण शर्मा, महेश चंद्र, राजेश बाजपेई, अनिल शुक्ला, सुशीला निगम, मीना सिंह आदि मौजूद रहे।

# हेडफोन से यारी...नींद पर भारी, विशेषज्ञ बोले- कान में अजीब तरह की आती हैं आवाजें, इसका रखें ध्यान

कानपुर (संवाददाता)। घंटों शौकिया हेडफोन लगाए रहने की आदत बहुत नुकसानदेह है। इससे बहरापन हो जाता है और नींद उड़ जाती है। कान के अंदर की तंत्रिकाएं (हेयर सेल्स) क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। कान में अजीब तरह की आवाजें आने लगती हैं जिनकी वजह से अवसाद हो जाता है। मंगलवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में हेडफोन के दुष्प्रभाव पर आयोजित सेमिनार में यह जानकारी दी गई।

सेमिनार में नाक, कान, गला रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. काजी साकिब ने बताया कि 85 डेसीबल से अधिक तेज साउंड सुनना बहुत नुकसानदेह साबित होता है। उन्होंने बताया कि हेडफोन के दीर्घकालिक इस्तेमाल से सुनने की ताकत में कमी, कानों में संक्रमण, मानसिक तनाव, नींद की समस्या तथा सामाजिक अलगाव के हालात भी पैदा हो जाते हैं। हियरिंग लॉस होने पर व्यक्ति के जीवन में दिक्कत आ जाती है।

डिजिटल माध्यमों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें

उन्होंने बताया कि हेडफोन पर जितनी जोर से आवाज सुनेंगे, कान में



खराबी उतनी जल्दी आ जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महेंद्र सिंह रहे। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल उतना ही करना चाहिए जितना जरूरी हो। इसका लती होने पर फायदे की जगह नुकसान होने लगता है। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र में युवाओं को सलाह दी कि डिजिटल माध्यमों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें।

ऐसे होता कान को नुकसान

हेडफोन या ईयर बड्स से आवाज सीधे कान के अंदर श्रवण कोशिकाओं से टकराती है। इससे ये क्षतिग्रस्त होती हैं। इसके बाद कॉक्लियर तंत्रिका क्षतिग्रस्त होती है। कान में एक ध्वनि पैदा होने लगती है। इसे टिनाइटिस कहते हैं। सोते वक्त जब कान में माहौल की कोई आवाज नहीं आती, तब भी व्यक्ति को टिनाइटिस सुनाई पड़ती है। इससे अनिद्रा और अवसाद होता है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में नया उपहार,कन्याओं को मिलेगी सिंदूरदानी

हरदोई (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक नई पहल की है। हरदोई में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि अब कन्याओं को सुहाग की निशानी सिंदूरदानी भी उपहार स्वरूप दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना की हाल ही में समीक्षा की है। इसमें लाभार्थियों को मिलने वाली सहायता राशि को 51 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया गया है।

# ट्रेन से फोन चुराने वाली महिला गिरफ्तार, वेटिंग हॉल से पकड़ी गई

उन्नाव (संवाददाता)। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने एक महिला चोर को गिरफ्तार किया है। यह महिला यात्रियों के मोबाइल और कीमती सामान चुराती थी। गिरफ्तार महिला की पहचान संजना के रूप में हुई है। वह कानपुर नगर के महाराजपुर की रहने वाली है। उसकी उम्र 19 वर्ष है। संजना वर्षों से ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर भीड़भाड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के मोबाइल और स्मार्ट डिवाइस चुराती थी। 28 मई 2025 को मुखबिर की सूचना पर टीम ने कार्रवाई की। उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर 1 की महिला वेटिंग हॉल से आरोपी को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एक लेडीज पर्स मिली। साथ ही मोटोरोला जी45 5जी मोबाइल और दो स्मार्ट वॉच भी बरामद हुईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार उन्नाव भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, संजना शातिर तरीके से भीड़ का फायदा उठाकर ट्रेनों में चढ़ते–उतरते समय यात्रियों की जेब से मोबाइल, घड़ी, पर्स आदि सामान निकाल लेती थी। चेहरे पर मासूमियत और चालाकी से भरी निगाहें उसे आम महिला से अलग नहीं दिखने देती थीं। कई बार वह महिलाओं के बीच बैठकर बातचीत में उलझाकर भी सामान गायब कर देती थी।

# नौतपा में भीषण गर्मी और उमस, अगले 5 दिन तापमान में नहीं होगी कोई कमी



लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में बुधवार सुबह से ही तेज धूप और उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया। हवा बिल्कुल बंद रही और तापमान चढ़ता गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में गर्मी से राहत की संभावना न के बराबर बताई है। ज्येष्ठ माह और जून की शुरुआत के साथ लखनऊ का मौसम अब पूरी तरह से गर्मी के चरम पर पहुंचता दिख रहा है। बुधवार सुबह 8 बजे से ही सूरज की तपिश ने शहर को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। दोपहर तक पारा 38 डिग्री के करीब पहुंच जाएगा। हवा की गति न के बराबर रही जिससे उमस और ज्यादा बढ़ गई। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, अभी बंगाल की खाड़ी में मानसून की गति धीमी है, जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी बनी रहेगी। लखनऊ में अगले दो–तीन दिनों तक तापमान में कोई खास गिरावट की उम्मीद नहीं है। उमस और बढ़ेगी क्योंकि हवा की गति भी धीमी बनी रहेगी। ज्येष्ठ की तपती दोपहरों में राहत के संकेत मिलने लगे हैं। राजधानी में बीते कुछ दिनों से पारा 37 से 39 डिग्री के बीच है। हालांकि मंगलवार की शाम चली ठंडी हवाओं की वजह से एक उम्मीद बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने आज फिर पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों के लिए हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसमें लखनऊ भी शामिल है। अगले 24 घंटे में 38 डिग्री तक जा सकता है अधिकतम तापमान। लू का खतरा नहीं। बंगाल की खाड़ी से मानसून की दस्तक जल्द होने की उम्मीद।

# माहवारी पर शर्म नहीं खुलकर बात करें, के नारें के साथ निकली रैली



लखनऊ (संवाददाता)। इनिशिएटिव फाउंडेशन द्वारा माहवारी स्वच्छता दिवस 2025 के अवसर पर संस्था के शिवरी चौराहा, मोहान रोड, लखनऊ स्थित सेंटर पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं, किशोरियों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़ी चुप्पी, सामाजिक वर्जनाओं और लिंग आधारित भेदभाव को तोड़ना तथा मासिक धर्म को स्वास्थ्य और गरिमा से जोड़कर देखने की सोच को बढ़ावा देना था। आज की कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार साझा किये, संध्या मिश्रा (टीम मेंबर और स्वास्थ्य अधिकार कार्यकर्ता) ने कहा की मासिक धर्म को अब भी अशुद्ध मानना, किशोरियों को स्कूल से दूर करना और मूलभूत सुविधाओं की कमी, हमारे समाज में गहरी जड़ें जमाए लिंग भेदभाव की निशानी है। जब तक स्वच्छता और सम्मान दोनों नहीं मिलते, तब तक स्वास्थ्य अधिकार अधूरा है। अंशी और कोमल (किशोरी लीडर) ने कहा की "मैंने पहली बार मंच पर मासिक धर्म पर बोला और महसूस किया कि इसमें शर्माने जैसी कोई बात नहीं। हम अपनी लड़कियों को चुप रहना नहीं, बोलना सिखाएँ। हेमा यादव इनिशिएटिव फाउंडेशन टीम मेंबर और (सामाजिक कार्यकर्ता) ने कहा की महिलाओं को अब भी गंदे और फटे पुराने कपड़े का इस्तेमाल करना पड़ता है। ये न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह उनके साथ हो रही अदृश्य हिंसा और भेदभाव का हिस्सा है। शिवानी राजपूत (खेल शिक्षक) ने कहा की स्कूलों में लड़कियाँ माहवारी के कारण छुट्टी लेती हैं। अगर शिक्षक संवेदनशील हों और बुनियादी सुविधाएँ हों तो यह नहीं होगा। उन्होंने कहा की यह जरूरी है कि ऐसे कार्यक्रम और अभियान में लड़कों और पुरुषों को भी इस संवाद में शामिल करें।" आरती मौर्या (सामाजिक कार्यकर्ता) ने कहा की हम घर–घर जाकर समझाते हैं, लेकिन पुरुषों की चुप्पी सबसे बड़ी दीवार है। अब समय है कि वे भी खुलकर साथ आएं। अमित मिश्रा (संस्थापक– निदेशक, इनिशिएटिव फाउंडेशन) ने कहा की "मासिक धर्म केवल एक जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक अन्याय, चुप्पी और असमानता से जुड़ा मुद्दा भी है। जब तक लड़कियाँ और महिलाएँ अपने शरीर, स्वास्थ्य और स्वाभिमान को लेकर खुलकर बोल नहीं पातीं, तब तक समानता अधूरी है। इनिशिएटिव फाउंडेशन का प्रयास है कि माहवारी से जुड़ी शर्म, डर और भेदभाव को खत्म कर, एक समावेशी और संवेदनशील समाज का निर्माण किया जा सके. इनिशिएटिव फाउंडेशन की टीम ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वर्षभर विभिन्न समुदायों में कार्य किया जाएगा ताकि किशोरियों और महिलाओं को स्वास्थ्य, सम्मान और समानता मिलें। कार्यक्रम में शालिनी शुक्ला, संध्या मिश्रा, हेमा यादव, अंजलि गौतम, आरती मौर्या, शिवानी राजपूत, रंजित, सुरेश भारती, शिवराज सहित सैकड़ों महिला और किशोरी शामिल रहें और कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शनी, समूह संवाद और अनुभव साझा सत्र भी आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान से जुड़ भेदभाव को चुनौती देंगे और समुदाय में जागरूकता फैलाएँगे।

# छह जिलों के सर्वोदय विद्यालयों में जल्द पूरा होगा ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण

लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार वंचित वर्गों के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। पिछड़े व अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों की शिक्षा में कोई कमी न रह जाए इसके लिए प्रदेश के छह जिलों में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में रहने वाले बच्चों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल तैयार कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें पढ़ाई के दौरान सुरक्षित और बेहतर रहने की सुविधा मिल सके।राज्य सरकार ने इन हॉस्टलों के निर्माण के लिए कुल 866.56 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि उन हॉस्टलों के निर्माण के लिए दी जा रही है, जिनका काम पहले से चल रहा था और अब उसे अंतिम रूप देना है। जिन जिलों के विद्यालयों को यह लाभ मिलेगा, उनमें मुर्तजानगर सीतापुर मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद, तीरगांव बाराबंकी घोरावल सोनभद्र और विशम्भरपुर गोण्डा के लिए दूसरी किस्त के रूप में 851.98 लाख रुपये, तथा ग्यासपुर जौनपुर शामिल हैं। योगी सरकार ने इन हॉस्टलों का निर्माण जल्द पूरा कर उसे संचालित करने करने का निर्देश दिया है। समाज कल्याण विभाग के तहत इन ट्रांजिट हॉस्टलों का निर्माण कार्यकारी संस्था यूपी सिडको द्वारा किया जा रहा है। हॉस्टलों के निर्माण से अनुसूचित जातियों और अन्य वंचित समुदायों के बच्चों को आवासीय सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के सर्वोदय विद्यालय आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। योगी सरकार के प्रयासों से 2017 से पहले जहां मात्र 93 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, 2024–25 तक इनकी संख्या बढ़कर 120 हो गई है। इन विद्यालयों में से 100 वर्तमान में संचालित हैं, जिनमें 70 बालक विद्यालय और 30 बालिका विद्यालय शामिल हैं।

# महिला दुकानदार से बीटेक छात्र ने किया रेप

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ में गल्ले का सामान देने के लिए घर आई महिला दुकानदार को बंधक बनाकर बीटेक छात्र ने दुराचार किया। आरोप है कि उसने आपत्तिजनक हालत में युवती की अश्लील वीडियो और फोटो रिकार्ड कर ली। वायरल करने की धमकी देकर वह युवती का यौन शोषण करता रहा। सात साल से यौन प्रताड़ना झेल रही पीड़िता ने शादी करने का दबाव डाला तो आरोपी तैयार नहीं हुआ। युवती का रिश्ता दूसरी जगह तय होने पर पोस्टर चिपकाने की धमकी देकर शादी तुड़वा दी। परिवार की मर्जी से शादी करने की बात कही। एक मार्च 2025 को शादी की तारीख तय हुई। आखिरी वक्त आरोपी और उसका परिवार मुकर गया। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। सेमरा निवासी युवती घर में ही परचून की दुकान चलाती है। बीटेक छात्र अभिनन्दन मिश्रा अक्सर दुकान पर आता था। युवती उसे जानती थी। एक दिन युवती की दुकान पर आकर अभिनन्दन ने कुछ सामान नोट कराया था। उस समय दुकान पर भीड़ अधिक होने के चलते अभिनन्दन ने शाम को घर सामान पहुंचाने के लिए कहा था, जिसके लिए युवती ने हामी भर दी।

## कार की टक्कर से युवक की मौत,जांच में जुटी पुलिस

बाराबंकी (संवाददाता)। हैदरगढ़ मिटरिया मुख्य संपर्क मार्ग स्थित मंसारा मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हैदरगढ़ की तरफ से आ रही कार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहित यादव के रूप में हुई है। वह श्रीराम यादव के पुत्र थे। घटना के समय मोहित सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार एक बड़ी समस्या बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फिल्म इंस्टीट्यूट में यूपी के युवाओं को मिलेगी वरीयता, यमुना एक्सप्रेसवे के करीब रहने वाले युवाओं को होगा लाभ

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में एक अत्याधुनिक फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जो राज्य के युवाओं, खासकर यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और इसके आसपास के युवाओं के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा। इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन जैसे विविध कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को फिल्म सिटी में ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली यह इंटरनेशनल फिल्म सिटी 230 एकड़ में पहले चरण के तहत विकसित की जा रही है, जिसमें 1,510 करोड़ रुपये की लागत आएगा।बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी यीडा के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है। निर्माण के पहले चरण में आगामी तीन साल के अंदर विभिन्न स्टूडियो और फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण संपन्न होगा। कंपनी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह फिल्म इंस्टीट्यूट अपनी तरह का अनोखा होगा। पहले चरण में 3 लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाएगा। इंस्टीट्यूट में आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कक्षाएं, स्टूडियो, एडिटिंग सुइट्स,वीआर लैब होंगे। छात्रों को वास्तविक फिल्म परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान किया जाएगा, साथ ही नवीनतम फिल्म तकनीकों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण और रोजगार दोनों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक विश्वजीत शर्मा ने वंदना ऑफसेट प्रिंटर्स ए-9, सराय पीपलथला एक्स, दिल्ली - 110033 से छपवाकर जे-852, प्रथम तल, जहांगीरपुरी, दिल्ली-110033 से प्रकाशित किया।
सम्पादकः महेश चंद्र redrosenews.24seven@gmail.com Regd. RNI No : DELHIN/2007/21149
MO : 9717921531 ॥ कोई भी कानूनी वाद-विवाद दिल्ली न्यायालय में तय होगा ॥